भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2319

(दिनांक 19.12.2025 को उत्तर देने के लिए)

सिक्किम में सामुदायिक रेडियो स्टेशनों का विस्तार

2319. श्री दोरजी त्शेरिंग लेप्चाः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पिछले पांच वर्षों के दौरान सिक्किम राज्य की किसी सामुदायिक रेडियो पहल ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के तहत आवेदन किया है या लाभ उठाया है;

(ख) यदि हां, तो सिक्किम से प्राप्त, संस्वीकृत और लंबित आवेदनों की संख्या सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का सिक्किम जैसे छोटे और पहाड़ी राज्यों में अतिरिक्त सामुदायिक रेडियो स्टेशनों की स्थापना को बढ़ावा देने या सुगम बनाने का प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो राज्य में सामुदायिक रेडियो की पहुंच, क्षमता निर्माण और तकनीकी सहायता में सुधार के लिए उठाए जा रहे या प्रस्तावित कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री

(डॉ. एल. मुरूगन)

(क) से (घ): सरकार सामुदायिक रेडियो स्टेशनों की स्थापना, मरम्मत तथा रख-रखाव के लिए वित्तीय सहायता प्रदान कर उन्हें सहायता देती है। मौजूदा एवं नए सामुदायिक रेडियो स्टेशनों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा "भारत में सामुदायिक रेडियो अभियान को सहायता" नामक स्कीम लागू की गई है।

इस स्कीम की प्रमुख विशेषताएँ निम्नलिखित हैं:

1. नए स्थापित सामुदायिक रेडियो स्टेशनों को परिचालन आरंभ होने के तीन माह बाद वित्तीय सहायता।
2. पाँच वर्षों से अधिक समय से परिचालित स्टेशनों को पुराने उपकरणों के नवीनीकरण अथवा प्रतिस्थापन हेतु सहायता।
3. कार्यशालाओं, वेबिनारों तथा सम्मेलनों के माध्यम से प्रशिक्षण एवं जागरूकता।
4. सामुदायिक रेडियो से जुड़े हितधारकों के मध्य पीयर लर्निंग को सक्षम बनाने हेतु क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय आयोजनों के माध्यम से हितधारक सहभागिता।

पिछले पाँच वर्षों के दौरान, मंत्रालय को सिक्किम राज्य से "भारत में सामुदायिक रेडियो अभियान को सहायता" स्कीम के तहत लाभ प्राप्त करने हेतु एक आवेदन प्राप्त हुआ है, जिसे स्कीम के निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार स्वीकृति प्रदान की गई थी।

सामुदायिक रेडियो स्टेशन स्थापित करने, उनकी क्षमता में वृद्धि करने तथा सामुदायिक रेडियो स्टेशनों को तकनीकी सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से, सरकार द्वारा देश के विभिन्न भागों में अनेक कार्यशालाओं एवं क्षेत्रीय सम्मेलनों का आयोजन किया जाता है।

नवंबर, 2024 में गंगटोक, सिक्किम में एक कार्यशाला तथा दिसंबर, 2025 में गुवाहाटी, असम में पूर्वी क्षेत्र के राज्यों के लिए एक क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया था।

*****